हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025

10 डीईटीसी ने उद्यमियों से ओटीएस का लाभ उठाने...



11 एक करोड़ में बनेगी आसौदा से लुहारहेड़ी सड़क



**खबर संक्षेप**

### सट्टा खाईवाल के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एमआईई चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी मोनिका ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दिल्ली का निवासी जुबैर चौकी के क्षेत्र में स्ट्राइकर पर दांव लगाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है। इस पर टीम ने मौके पर जाकर छापा मारा। आरोपी को काबू कर लिया। उसके पास तीन स्ट्राइकर व 1900 रुपये बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

### अवैध हथियार और चार कारतूस सहित गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना सदर क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि सद्दाम निवासी मक्शी जिला शाजापुर मध्य प्रदेश दुलीना चौकी के क्षेत्र में हथियार लिए हुए खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को शक की बिनाह पर पकड़ते गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बीमारी से परेशान किशोरी ने लगाया फंदा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र के अधीन लगती कॉलोनी में एक किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। किशोरी द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। मृतका की उम्र करीब 15 वर्ष बताई जा रही है। शुक्रवार की सुबह जब परिवार के सदस्य उठे तो किशोरी फंदे पर लटकी दिखाई दी। परिजनों ने तुरंत उसको संभाला, लेकिन देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने भी मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। शुक्रवार की दोपहर को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। किशोरी किसी बीमारी से जूझ रही थी। संभवतः इसी वजह से उसने यह कदम उठा लिया। बाकी असल वजह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा।

### घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टरों से बैट्रियां चोरी

झज्जर। क्षेत्र के गांव गिजाड़ौद में घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टरों से चोर बैट्री चुरा ले गए। पीड़ित ट्रैक्टर मालिक शुभराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार की रात उसने अपने दो ट्रैक्टरों को घर के सामने खड़ा किया था। सुबह उसके परिजनों ने बताया कि दोनों ट्रैक्टरों से बैट्रियां चोरी गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: जिला स्तरीय कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा होंगे मुख्यातिथि

# योग दिवस की पायलट रिहर्सल संपन्न, सभी तैयारियां पूरी

कार्यक्रम सुबह साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। छह बजे सीएम सैनी का बड़ी स्क्रीन पर लाइव संबोधन दिखाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शनिवार को जिले में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम एवं योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार सुबह योग दिवस की फाइनल रिहर्सल भव्य रूप से आयोजित हुई।

जिसमें हजारों स्कूली बच्चों, योग साधकों एवं नागरिकों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान सीटीएम रविंद्र मलिक ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि रोडवेज वर्कशॉप परिसर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण लाल मिड्ढा होंगे। उन्होंने बताया कि जिला के अलावा ब्लॉक स्तर पर कुल सात स्थानों पर योग दिवस के भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं सीटीएम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। छह बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बड़ी स्क्रीन पर लाइव संबोधन दिखाया जाएगा। इसके बाद साढ़े छह बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद योगाचार्य द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सत्र का आयोजन होगा।



झज्जर। रिहर्सल के दौरान योगाभ्यास करते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।



बहादुरगढ़। आईटीआई में योगाभ्यास करवाती स्वाति देवी।

## भापड़ौदा आईटीआई में किया योग

बहादुरगढ़। शुक्रवार को गांव भापड़ौदा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में योग अभ्यास कार्यक्रम हुआ। योग सहायिका स्वाति देवी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को देखते हुए प्रशिक्षुओं व स्टॉफ को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योग मनुष्य में आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक एकता का संचलन करता है। इस अवसर पर प्रिंसिपल कृष्ण कुमार, अनूप कुमार, विनीत कत्याल, वीरेंद्र, सुशीला कुमारी, विकास ओहल्याण, रजनीश, हरेंद्र कुमार, राजबीर, योगेश कुमार, सुनील, सतीश कुमार, आशीष राठी, प्रमोद राठी, प्रशांत गौतम, प्रवीण कौशिक आदि मौजूद रहे।

### आज सुबह चार बजे से चलेगी मेट्रो

बहादुरगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर डीएमआरसी ने मेट्रो सेवा के समय में बदलाव किया है। शनिवार को मेट्रो की सेवाएं सुबह चार बजे शुरू हो जाएगी। मेट्रो की तमाम लाइनों पर यह व्यवस्था रहेगी। इससे दिल्ली जाने वाले काफी यात्रियों को लाभ होगा। डीएमआरसी के अनुसार, शनिवार को सभी मेट्रो लाइनों पर प्रारंभिक स्टेशनों से मेट्रो ट्रेनें सुबह चार बजे से चलनी शुरू हो जाएंगी। यह विशेष सेवा उन हजारों लोगों को राहत देगी, जो दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आयोजित योग कार्यक्रमों में शामिल होना चाहते हैं। अहम बात ये कि बेशक चार बजे परिचालन शुरू हो जाएगा लेकिन गाड़ी प्रत्येक 30 मिनट के अंतराल में ही उपलब्ध होगी। इसके बाद सुबह साढ़े पांच बजे मेट्रो सेवा सामान्य दिनों की तरह नियमित अंतराल पर उपलब्ध हो जाएगी। रात में मेट्रो के समय में कोई बदलाव नहीं है। आखिरी मेट्रो रात साढ़े बजे तक चलेगी। बहादुरगढ़ में मेट्रो के तीन स्टेशन हैं। यहां से हजारों लोग रोजाना दिल्ली जाते हैं। शनिवार को योग दिवस के मौके पर दिल्ली में कई जगह कार्यक्रम हैं। लिहाजा बहादुरगढ़ व आसपास के कई लोग उन कार्यक्रम में भाग लेंगे। ऐसे में मेट्रो की ओर से की गई यह व्यवस्था उनके लिए मददगार साबित होगी।

## खेतों के साथ लगती मकान की दीवार तोड़कर चनकदी और गहने किए चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव अच्छेज में घर में सेंध लगाते हुए चोरों द्वारा कमरे की दीवार तोड़ कर घर में रखी करीब चार से पांच लाख रुपये की नकदी व जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में अच्छेज निवासी सरोज पुत्री सूरत सिंह ने बताया कि उसने गांव से बाहर खेतों में गौधड़ी रोड पर अपना मकान बनाया हुआ है। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे जब वह उठकर घर के अंदर कमरे में गई तो उसने देखा की कमरे की दीवार खेतों की तरफ से तोड़ कर चोरों द्वारा घर में प्रवेश के लिए एक बड़ा छेद बनाया गया था।

जब उसने चोरी हुए सामान का जायजा लिया तो पता चला कि उसके घर में रखी करीब चार से पांच लाख रुपये नकदी व सोने के आभूषण चोरी हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लेते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। चोरों द्वारा खेतों की तरफ से दीवार तोड़ कर अंदर आने के लिए बनाया गया रास्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### दरवाजा तोड़कर घर से आभूषण चुराए

**बहादुरगढ़।** दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत एक व्यक्ति के बहादुरगढ़ स्थित बंद मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर दरवाजा तोड़कर मकान में घुसे और आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। जब परिवार के सदस्य घर आए तो वारदात का पता चला। सिटी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात अमरजीत के मकान में हुई है। सेक्टर 9 के निवासी अमरजीत का कहना है कि वह दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत है। गत 17 जून को वह यहां स्थित अपने मकान में आया। देखा तो दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर कमरों में सारा सामान अस्त व्यस्त था। अलमारी भी खंगाली गई थी। जांच करने पर अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, कडुले, चांदी का सिक्का सहित अन्य सामान गायब मिला। अब तक अपने स्तर पर जांच करते रहे लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। उधर, मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अमरजीत की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

## नहाते समय नहर के तेज बहाव में बहे दो युवक, तलाश जारी


हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव आजाद नगर में नहर में नहाने लिए गए दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। दोनों युवकों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। बताया जा रहा है कि वे शाम को दुकान से नहर में नहाने के लिए गए थे।

- **दोनों शाम को दुकान से नहर में नहाने के लिए गए थे**

जब घर और दुकान पर नहीं लौटे तो युवकों की तलाश शुरू हुई। बाद में पता चला कि वे मातनहेल से गुजरने वाली नहर में नहाते समय पानी में बह गए। उनके बहने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार दोनों युवक आपस में दोस्त थे और उनकी चप्पल, पर्स और मोटर साइकिल नहर की पटरी पर मिले हैं। जिसके बाद पुलिस और ग्रामीणों द्वारा ढूंढने का प्रयास किया। अभी तक उनका सुराग नहीं लगा है। युवकों की पहचान आजाद नगर निवासी करीब 32 वर्षीय अमित और 28 वर्षीय विकास के तौर पर हुई है।





## सरपंच प्रतिनिधि ने भटक रही मासूम को संभाला

- **पुलिस ने परिजन तलाशकर बच्ची सकुशल सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव परनाला के सरपंच प्रतिनिधि तथा पुलिस के प्रयासों से चार वर्षीय मासूम बच्ची उसके परिजनों को सकुशल मिल पाई। बेटी मिली तो परिजनों की भी जान में जान आई। इसके लिए उन्होंने पुलिस तथा सरपंच प्रतिनिधि का धन्यवाद किया। लाइनपार थाना प्रभारी पवनवीर ने बताया कि करीब चार वर्षीय एक मासूम बच्ची अकेली घूम रही थी।

उसके आसपास कोई अपना नहीं था। उस पर परनाला के सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी की नजर पड़ी तो उन्होंने बच्ची को संभाला। उससे नाम व परिजनों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन छोटी होने के कारण वह बताने में अस्मर्थ थी। इसके बाद राठी उस बच्ची को लाइनपार थाने में लेकर पहुंचे। पुलिस ने बच्ची के अभिभावकों तक पहुंचने का प्रयास किया। कुछ ही समय में पता चला कि बच्ची लाइनपार क्षेत्र की ही रहने वाली है।

### परिजनों ने पुलिस और राठी का धन्यवाद किया

इसके बाद परिजन बुलाए गए और बच्ची सकुशल सौंप दी गई। अपनी बच्ची को सही सलामत पाकर परिजनों ने झज्जर पुलिस और परनाला के सरपंच प्रतिनिधि का धन्यवाद किया। अशोक राठी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का ख्याल रखें।

उन्हें अकेला न छोड़ें। इसके अलावा आम नागरिक भी जागरूकता दिखाएं। यदि कोई बच्चा इधर-उधर घूमता नजर आए तो उसे नजरंदाज न करें। उसे संभालें तथा उसके परिजनों तक पहुंचने की कोशिश करें। इससे एक बच्चे का भविष्य खराब होने से बच सकता है। वहीं, उन्होंने पुलिस की मुहिम की भी प्रशंसा की।

## एक्शनः बालौर में 35 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

- **अवैध कॉलोनियों का मामला विधायक राजेश जून ने विस में उठाया था**
- **डीटीपी की टीम ने जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बाईपास पर गांव बालौर के रकबे में अनधिकृत रूप से विकसित हो रही दो कॉलोनियों में डीटीपी मनीष दहिया की अध्यक्षता में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। लगभग 35 एकड़ क्षेत्रफल में पनप रही दोनों अनधिकृत कॉलोनियों में रोड नेटवर्क उखाड़ा गया।

बता दें कि बहादुरगढ़ के बाइपास पर बालौर के रकबे में लगभग 35 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों का मामला विधायक राजेश जून ने विधानसभा में भी उठाया था। इसके बावजूद वहां महानिदेशक नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध निर्माण हो रहे हैं। यहां खूब रोड नेटवर्क बिछाया जा चुका है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम ने यहां प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की। इस कार्रवाई के दौरान रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। डीटीपी मनीष दहिया ने जिले की जनता से अपील की है कि वह ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई का निवेश न करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करे अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



बहादुरगढ़। बाइपास पर अवैध कॉलोनी में रोड उखाड़ती डीटीपी की जेसीबी।

### *कंपनी में मृत मिला कर्मी शव अस्पताल में रखवा*

**बहादुरगढ़।** गांव कसार में स्थित एक कंपनी में कर्मचारी मृत मिला। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। पुलिस द्वारा फिलहाल मृतक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा है। उनके बयान के बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय रामा के रूप में हुई है। वह मूलतः यूपी के शिकारपुर इलाके से था।

- **मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय रामा के रूप में हुई**
- **परिजनों के बयान पर पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी**

फिलहाल यहां कसार में स्थित एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार की सुबह जब साथी कर्मचारियों ने देखा तो वह बेसुध अवस्था में था। काफी प्रयास के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम भी बुलाई। मौत किसी बीमारी, हृदयाघात से हुई या कोई और कारण रहे, अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुष्टि हो सकेगी। पुलिस ने रामा के परिजनों को मामले से अवगत करा दिया है। शुक्रवार दोपहर तक परिजनों के बयान नहीं हो सके थे। परिजनों के बयान के बाद ही पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी।

### दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अब 27 जून को कर सकते हैं आवेदन

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आईटीआई में दाखिले के लिए आवदेन की अंतिम तिथि बढ़कर 27 जून कर दी गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी व मोबाइल नंबर के साथ-साथ फैमिली आईडी अनिवार्य है। सरकार द्वारा आईटीआई में कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पासपोर्ट बनवाने की सुविधा भी दी है। बता दें कि शुक्रवार को आवेदन की अंतिम तिथि थी जिसे बढ़ाकर अब 27 जून कर दिया गया है।

### अभी तक कुल 1053 सीटों पर आवेदन



झज्जर। आईटीआई में दाखिले के आवेदन करते विद्यार्थी।

प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि उनके संस्थान की 508 सीटों पर अभी तक 1053 आवेदन आ चुके हैं। उनके संस्थान में विभिन्न ट्रेड एवं यूनिट में कोपा में 48, इलेक्ट्रीशियन में 40, फिटर में 40 रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग में 48, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 24, वायरमैन में 20, वेल्डर में 40, प्लंबर में 48, सेविंग टेक्नोलॉजी में 20, सोलर टेक्नीशियन में 20, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 24, मैकेनिक डीजल में 48, मैकेनिक ट्रैक्टर में 40, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 24 व वुड वर्क टेक्नीशियन में 24 सीटें हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी नजदीकी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जाकर 27 जून तक दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में में कुल 19 ट्रेड्स

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में एडमिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून तक बढ़ाई गई है। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि संस्थान में कुल 19 ट्रेड्स हैं और लगभग 700 सीटों पर दाखिले होंगे। इनमें से 584 सीट एनसीवीटी स्कीम और 116 सीट एससीवीटी के अंतर्गत हैं। उनके अनुसार 20 जून तक लगभग 1100 छात्रों ने ऑनलाइन पोर्टल पर विभिन्न ट्रेड्स में आवेदन किया है। निदेशालय की तरफ से ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून तक बढ़ाई गई है। मेरिट लिस्ट 30 जून को जारी होगी।

## फर्जीवाड़ा कर 4 साल तक डकारी पेंशन

- **पेंशन आवेदन फार्म में हेराफेरी कर सीएसएसी संचालक ने की साजिश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एक व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी से 4 साल तक दोहरी पेंशन लेने का मामला सामने आया है। पांच साल पहले महिला के पेंशन आवेदन फार्म में हेराफेरी कर सीएसएसी संचालक ने यह साजिश रची और उसका परिचत 4 साल तक सेलरी डकारता रहा, वहीं पात्र महिला इंतजार करती रही। ग्रीवेंस कमेटी तथा केबिनेट मंत्री के समक्ष जब महिला की शिकायत पर जांच हुई तो सच्चाई सामने आई। जिला समाज कल्याण अधिकारी की शिकायत पर इस संबंध में सीएसएची संचालक व पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। दरअसल, गत 12 मई 2020 को मातन निवासी प्रेम पत्नी ईश्वर सिंह ने ई-दिशा की वेबसाइट पर वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया था। इसके बाद विभाग की ओर से पेंशन स्वीकृत कर दी गई। प्रेम देवी इंतजार करती रही, लेकिन उसे पेंशन प्राप्त नहीं हुई। चार साल तक वह कार्यालय के चक्कर लगाती रही। उसने छह नवंबर 2024 को सीएम विंडो में शिकायत दी। फिर 23 जनवरी 2025 को ग्रीवेंस कमेटी के समक्ष शिकायत दी। इस पर जांच शुरू हुई तो सामने आया कि प्रेम के पेंशन आवेदन में सीएसएसी संचालक ने खुद का मोबाइल नंबर और खरहर के रणबीर सिंह का बैंक खाता दर्ज कर दिया। खाता गलत होने के कारण जून 2020 से अक्टूबर 2024 तक की पेंशन रणबीर के खाते में चली गई। महिला प्रेम की शिकायत पर उस दौरान खाता अपडेट कर दिया गया था। 2024 तक रणबीर अपनी व प्रेम की यानी दोहरी पेंशन लेता रहा। यह रकम ब्याज सहित कुल एक लाख 68 हजार 57 रुपए बनती है। कार्यालय ने रणबीर को प्रेम की पेंशन वापस जमा कराने के लिए 12 नवंबर 2024, एक दिसंबर 2024, 21 जनवरी 2025 तथा तीन फरवरी 2025 को नोटिस जारी किए। उसने ऐसा नहीं किया। फिर 16 अप्रैल 2025 को केबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने जांच के आदेश दिए। आसौदा पुलिस ने जिला समाज कल्याण अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की मांग

**झज्जर।** शहर के सेक्टर-नौ के निवासियों द्वारा जिला प्रशासन से पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई है। सेक्टर के आवासीय कल्याण संघ के प्रधान सोमबीर ने बताया कि वे सेक्टर में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग जिला प्रशासन से कर चुके हैं लेकिन जब तक पुलिस चौकी स्थापित नहीं होती तब तक सेक्टर क्षेत्र में अस्थाई तौर पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि सेक्टर में नए सड़क मार्गों का निर्माण हुआ है जिस कारण शहर व आस-पास के गांवों से लोग इन मार्गों का इस्तेमाल गाड़ी सीखने के लिए करने लगे हैं। ऐसे में बच्चों व बुजुर्गों के दुर्घटना ग्रस्त होने का खतरा बना है। इसके अलावा शाम के समय यहां शरारती व नशा प्रवृत्ति के लोगों का जमावड़ा भी रहता है जिस कारण सेक्टरवासियों को अपने परिवार के साथ घूमने में परेशानी रहती है।

### ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** नशे के प्रति जागरूकता लाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। गांव, गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताई जा रही है। युवाओं को अपनी उर्जा खेल, सकारात्मक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंस्पेक्टर सतीश कुमार की टीम शुक्रवार को दहकोरा, लोहारहेड़ी, निलोठी, रेवाड़ी खेड़ा, आसंडा व मातन आदि गांवों में पहुंची। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि नशा एक भयानक बीमारी है। इससे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक हानि होती है। एक व्यक्ति की नशे की लत उसके पूरे परिवार को नुकसान पहुंचाती है।

### सरपंच मोनिका ने योग यात्रा की शुरुआत करते हुए लोगों से योग करने का आह्वान किया

# योग यात्रा निकालकर लोगों को किया जागरूक

■ इस दौरान लोगों को योगाभ्यास करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के चलते आयुष विभाग द्वारा क्षेत्र के गांव रायपुर में योग यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। योग सहायक नवीन कायत ने बताया कि ग्राम सरपंच मोनिका ने योग यात्रा की शुरूआत करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस दौरान लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर, ग्राम सचिव राहुल, राजेश, बिजेंद्र, मिहुल, जगन, रवि, धर्मवीर सहित युवाओं व बच्चों ने योग यात्रा के दौरान लोगों को योग अपनाने के लिए जागरुक किया।



झज्जर। योग यात्रा के दौरान योग सहायकों के साथ उपस्थित ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी दी

**बहादुरगढ़।** योग दिवस को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। गांव टीकरी स्थित चौपाल के पास पार्क में योग अभ्यास सत्र व प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक बालकिशन तंवर ने प्रतिभागियों को योग व प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर व्यक्ति दीर्घकालीन स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार, पप्पू, जय प्रकाश, वेद पाल, राम किशन, धर्मवीर, समीता, हीनल, भारती, विमला, लक्ष्मी और दया का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को अपनाने का संकल्प लिया। भविष्य में भी नियमित योगाभ्यास करने का वचन दिया।

### संस्कारम के 86 विद्यार्थियों और 9 अध्यापकों ने किया फाइनल रिहर्सल में योगाभ्यास

**झज्जर।** संस्कारम स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल में भाग लिया। हरियाणा रोडवेज वर्कशाप परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पहले दिन कराई गई रिहर्सल में संस्कारम स्कूल के 86 विद्यार्थियों व 9 अध्यापकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग साधकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया ताकि अधिक से अधिक युवा योग को अपने जीवन में अपनाएं और इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना सकें। स्कूल के शिक्षकों सुनीता, अमित, सुष्मिता, लता, मनोज, मुन्नी, रीना, शीतल व रीतू ने भाग लिया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि बच्चे उत्साह से योग को अपना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से हम नई पीढ़ी और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग करने से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास होता है। यह आयोजन न केवल योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि इसके जरिए बच्चों में एकता और उत्साह का संचार भी हो रहा है। योग दिवस का उद्देश्य जन-जन में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचाना है।



झज्जर। रिहर्सल के दौरान योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### नियमित योगाभ्यास हम सबके लिए बेहद जरूरी : एसडीएम

**बेरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। जिसमें अनेक योगसाधकों ने भाग लेकर योग विधाओं का अभ्यास किया। एसडीएम रेणुका नांदल और एसीपी अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि योग जीवन के लिए बेहद जरूरी है,योग के प्रचार प्रसार को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योग की विधाओं का प्रचार प्रसार के साथ ही नियमित अभ्यास हम सबके लिए बहुत जरूरी है। इस बीच एसडीएम ने खेल परिसर में पौधरोपण करते हुए आमजन से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसीलदार सृष्टि मलिक, आयुष अधिकारी डॉक्टर बरखा रानी, नपा सचिव पूजा साहू, योगाचार्य गीता रानी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बेरी। फाइनल रिहर्सल में योगाभ्यास करते हुए योगसाधक।

### योग की अलख जगा रही डॉ. अंजू अग्रवाल

**बहादुरगढ़।** शिक्षाविद डॉ अंजू अग्रवाल 37 साल से महिलाओं एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए योग सिखा रही हैं। वर्ष 1986 में भारतीय योग संस्थान से जुड़ने वाली अंजू निःशुल्क योग का प्रशिक्षण देती हैं। अतीत में वे कई देशों की सुंदरियों को भी योगाभ्यास करवा चुकी हैं। योग के प्रचार प्रसार के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उनके अनुसार योग शारीरिक और मानसिक तनाव से बचने का अचूक अस्त्र है। योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मोदी सरकार भी योग के प्रचार प्रसार को पूरा बढ़ावा दे रही है।



बहादुरगढ़। विश्व सुंदरियों को योगाभ्यास कराती डॉ अंजू अग्रवाल। फोटो :हरिभूमि

### प्रोफेसर रमेश कुमार ने संसद भवन में करवाया योग

**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सांसद भवन के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन संविधान सदन के समिति कक्ष में किया गया। कार्यशाला में योग विशेषज्ञ के रूप में जिले के गांव बिरड़ निवासी, विश्व योग चैंपियन डॉक्टर रमेश कुमार योगाचार्य उपस्थित जनसमूह को योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 45 मिनट योगाभ्यास करने से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस भाग दौड़ की जिंदगी में समय की कमी के कारण से हम अपने शारीर एवं मानसिक विकास पर ध्यान नहीं दे पाते, जिसके चलते कई बार विभिन्न रोगों का शिकार हो जाते हैं। इन रोगों से निजात पाने के लिए नियमित योगाभ्यास एक सशक्त एवं सरल साधन है। योगाभ्यास द्वारा थायराइड, सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, डायबिटीज, निम्न एवं उच्च रक्तचाप आदि रोगों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल में स्थित सूक्ष्म व्यायाम आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। बता दें कि योगाचार्य डॉक्टर रमेश कुमार वर्तमान में श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के योग विज्ञान विभाग में योग प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।





बहादुरगढ़। ग्रामीणों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

# जल संरक्षण देखने सांखोल आया नेपाल का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को नेपाल सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने गांव सांखोल का दौरा कर जल जीवन मिशन से आए बदलाव का अवलोकन किया। नेपाल की सहसचिव मीना श्रेष्ठा, इंजीनियर योगेंद्र व मधु तिम्ल ने जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ गांव सांखोल के जल घर में पेयजल आपूर्ति की कार्यप्रणाली को जाना। अधीक्षक अभियंता अमित श्योकंद ने पेयजल आपूर्ति से पहले जल शुद्धिकरण के विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी। कार्यकारी अभियंता अमन मोर व एसडीई संदीप दुहन ने जल घर की क्षमता व गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति से अवगत करवाया। जिला सलाहकार डब्ल्यूएसएसओ श्याम अहलावत ने विभाग की जन जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। नेपाल के प्रतिनिधि मंडल ने गांव में विजिट कर ग्रामीणों के विचार जाने। मीना श्रेष्ठा ने कहा कि जल जीवन मिशन ने गांव की असल मायने में तस्वीर बदली है।



बहादुरगढ़। सांखोल में जलापूर्ति व्यवस्था जांचते नेपाली प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

# सीआईटीयू कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

■ हड़ताल में ग्रामीण सफाई कर्मचारी भी बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीआईटीयू से संबंधित सभी कर्मचारी यूनियनों द्वारा शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सीआईटीयू की जिला सचिव किरण ने की जबकि संचालन संदीप कुमार द्वारा किया गया। जिला सचिव किरण ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में सभी वर्करों का वेतन 26 हजार रुपये, मनरेगा की मजदूरी आठ सौ रुपये प्रति दिन, केंद्र की सरकार द्वारा चार मजदूर कोड जारी करने की पहल को रद्द किया जाए, ईएसआई में कवर मजदूरों के कार्ड जारी किए जाएं, ड्यूटी के आठ घंटे फिक्स करना शामिल है। प्रदर्शन के बाद कर्मचारी नेताओं ने आगामी नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल तथा आगामी 24 अगस्त को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा मतलौडा पानीपत में किए जाने वाले पंचायत मंत्री के आवासीय घेराव के संबंध में नायब तहसीलदार कीर्ति को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव संदीप कुमार ने बताया कि उनके 26 हजार वेतन को एक टर्म में लागू किया जाना चाहिए न की टुकड़ों में। उनकी मुख्य मांगों में सफाई कर्मचारियों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाना तथा उन्हें महंगाई भत्ते के साथ जोड़ा जाना शामिल है। यदि समय रहते इन समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी नौ जुलाई को तमाम ट्रेड यूनियन एक दिवसीय हड़ताल करेंगी। हड़ताल में ग्रामीण सफाई कर्मचारी भी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।



झज्जर। धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

# डीईटीसी ने उद्यमियों से ओटीएस का लाभ उठाने का किया आह्वान

■ बीसीसीआई सभागार में आयोजित बैठक में करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्ति पाने का तरीका सुझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी शुक्रवार को एमआईई स्थित बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने उद्यमियों की बैठक लेते हुए जीएसटी विभाग की ओर से चलाई जा रही एकमुश्त भुगतान समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ उठाने का आह्वान किया। इससे पहले बीसीसीआई पदाधिकारियों ने उनका स्वागत-सम्मान किया। शुक्रवार को आधुनिक औद्योगिक संपदा में स्थित बीसीसीआई सभागार में आयोजित बैठक में डीईटीसी सरोज देवी ने बताया कि ओटीएस स्कीम-2025 करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलाकर नई शुरूआत करने का अवसर देगी। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1780 आवेदन आ चुके हैं। योजना के तहत ब्याज व जुर्माने की पूर्ण माफी रहेगी। जबकि टैक्स में भी एक लाख रुपए तक की छूट मिलेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा ने कहा कि योजना को लेकर उद्यमियों व व्यापारियों को जागरुक करने की जरूरत है। डीईटीसी ने अधिकारियों को योजना के तहत तेजी से कार्य करने व संबंधित व्यापारियों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों ने सी फॉर्म के मुद्दे पर कई सवाल उठाए। एक सवाल के जवाब में डीईटीसी ने बताया कि 46 केसों में अपील लंबित हैं। फैसले के बाद ही निपटान होगा। उनका प्रयास है कि लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो। सरोज देवी ने कहा कि एरियर खत्म होगा तो अधिकारियों के साथ उद्योगपति का भी झंझट खत्म होगा। विभागीय अधिकारी कानून के अनुसार ही काम करेंगे। इसके बाद उद्यमियों को ऐसा मौका नही मिलेगा। समझाया कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों का डेटा क्रॉस चैक हो रहा है, इसलिए गड़बड़ी नही रह सकेगी। बैठक में सीए अखिल मित्तल, उद्यमी संजय नारंग, केके सेठ, सुरेश गुप्ता, अजय खट्टर, ईटीओ अजय मेहता व एईटीओ शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बैठक में उद्यमियों को योजना की जानकारी देती डीईटीसी सरोज देवी।

### जन समस्याओं के समाधान को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से गंभीर : कृषिमंत्री

# ग्रीवेंस मीटिंग में 16 में से 14 शिकायतो का किया निपटारा

■ शेष दो मामलों पर संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जन समस्याओं के समाधान को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से गंभीर, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। शिकायतकर्ता चाहे कोई भी हो, उसकी आवाज सुनी जाए, उसका सम्मान हो और उसका समाधान समय पर हो यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात प्रदेश सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और 14 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। मीटिंग में 16 परिवाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए गए थे, शेष दो मामलों पर संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। लाडपुर निवासी जगदीश गुलिया की सेक्टर छह में जमीन को गलत तरीके से बेचने संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए मामले में जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक बहादुरगढ़ राजेश जून, विधायक बादली कुलदीप वत्स, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। ग्रीवेंस मीटिंग में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो :हरिभूमि




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक निर्देश देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### डी-प्लान का बजट जनकल्याण में लगेः कृषि मंत्री

**झज्जर।** शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट प्लान एवं मॉनिटरिंग कमेटी की मीटिंग का आयोजन लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में हुआ। एडीसी एवं चीफ प्लानिंग एंड डेवलपमेंट ऑफिसर जगनिवास ने विस्तार से डी-प्लान की रिपोर्ट को मीटिंग में रखा। वहीं कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न एजेंडों पर अपना पक्ष रखा। मीटिंग को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डी-प्लान के तहत होने वाले सभी विकास कार्यों की अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें व क्वालिटी का विशेष तौर पर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि डी-प्लान के बजट का सदुपयोग होना चाहिए व ऐसे कार्य किए जाएं जो जनता के काम आएं।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। धरती मां के नाम पौधे लगाते विजय कालीरामना व अन्य।

### जन रक्षा मंच व वैटरन एयर वारियर्स एसो. ने धरती मां के नाम लगाए पौधे

**बहादुरगढ़।** जन रक्षा मंच व वैटरन एयर वारियर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को एक पौधा धरती मां के नाम अभियान चलाया। प्रधान विजय कालीरामना की अगुवाई में सेक्टर-2 की खाली जगह पर पौधारोपण किया गया। कृष्ण पहलवान, जयपाल कालीरामना, सन्नी, परमानंद मलिक आदि ने उनके साथ पौधे लगाए। विजय कालीरामना व उनकी धर्मपत्नी कमला देवी ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

### मकान के बाहर से बाइक चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित मकान के बाहर से बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई है। एसएचओ पवनवीर के मुताबिक, छोटूराम नगर के निवासी अंश ने शिकायत दी थी कि 15 मई की रात मैंने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो मेरी मोटरसाइकिल वहां पर नहीं मिली। इस पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान समीर निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। आरोपी से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली है। मामले में जांच जारी है।

### मायके जाने के लिए स्टेशन पर आई महिला बच्ची सहित लापता

**रेवाड़ी।** जिले के एक गांव से मायके जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर आई एक महिला चार साल की बच्ची सहित लापता हो गई। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद महिला व बच्ची की तलाश शुरू कर दी। जीआरपी को दर्ज शिकायत में एक महिला ने बताया कि वह 17 जून को अपनी 35 साल की पुत्रवधु व चार साल की पोती को लेकर रेलवे स्टेशन पर आई थी। उसकी पुत्रवधु को अपने मायके यूपी के कादिपुर जाना था। वह उसे ट्रेन का टिकट देकर घर चली गई। अगले दिन उसकी पुत्रवधु के मायके में उसके भाई से बात हुई तो उसने बताया कि उसकी बहन घर नहीं पहुंची है। जीआरपी ने सासकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उसकी पुत्रवधु व पोती का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## निपुण हरियाणा मिशन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1360 प्राथमिक शिक्षकों ने लिया भाग

# छात्रों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए

- प्रशिक्षणार्थियों में झज्जर के अलावा गृह जिले वाले गुरुग्राम, फरीदाबाद रेवाड़ी, सोनीपत, नूंह, पलवल व करनाल के शिक्षक भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण 2 जून से बहादुरगढ़ ब्लॉक में शुरू हुआ था और बाद में जिले के अन्य ब्लॉकों में आयोजित किया गया। 19 दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 33 बैच में 1360 प्राथमिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्होंने बताया कि खंडवार प्रतिभागियों में बहादुरगढ़ में आयोजित 14 बैच के दौरान 577 शिक्षक, झज्जर के 10 बैच में 406 शिक्षक, मातनहेल के 3 बैच में 123 शिक्षक, बेरी के 3 बैच में 127 शिक्षक व साल्हावास में आयोजित 3 बैच के दौरान 127 शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने बताया कि झज्जर जिले के शिक्षकों के अलावा अन्य जिलों के उन शिक्षकों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया जिनका गृह जिला झज्जर है। इनमें मुख्य रूप से गुरुग्राम के 320 शिक्षक, फरीदाबाद के 142, रेवाड़ी के 59, सोनीपत के 29, नूंह के 27, पलवल के 27 तथा करनाल के 26 शिक्षक शामिल है।



झज्जर। प्रशिक्षण के समापन पर प्रदान किए प्रमाण-पत्रों के साथ प्रशिक्षणार्थी शिक्षक।

### प्रशिक्षण के दौरान इन मुख्य बिंदुओं पर रहा फोकस

जिला समन्वयक सुदर्शन पूनिया ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा, कक्षा पहली से तीसरी के लिए नई पाठ्य पुस्तकें, पाठ्यक्रम की प्रगति, शिक्षण आधारित गतिविधियों में हिंदी, गणित और अंग्रेजी में नई शिक्षण पद्धतियां, शिक्षक मार्गदर्शिका और कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग, शिक्षण सामग्री किट का उपयोग, विद्यार्थियों की विविधता के साथ मल्टीग्रेड शिक्षण, छात्र-केंद्रित और समावेशी शिक्षा आदि बिंदुओं पर फोकस रहा। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने शिक्षकों के साथ बातचीत की और प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को अपने छात्रों को निपुण बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए ताकि माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जा सके। यह प्रशिक्षण उनके शिक्षण कौशल को और बेहतर बनाने में सहायक होगा।



बेरी। सफाई व्यवस्था का जायजा लेतीं एसडीएम रेणुका नांदल।

# साफ-सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें नपा अधिकारी

- नाला सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

शुक्रवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने नपा अधिकारियों के साथ बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, शिव चौक सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया और नपा अधिकारियों से सफाई कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई मानसून से पहले हर हाल में पूरी होनी चाहिए ताकि शहर में जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सफाई का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए व नालों की पूरी गहराई तक सफाई की जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में नालों में जमी गाद समस्या ना बने। उन्होंने नपा सचिव को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन स्वयं फील्ड में जाकर शहर व नालों की सफाई की मॉनिटरिंग करें व सफाई एजेंसियों से नियमित रिपोर्ट लें।

इस दौरान नपा सचिव पूजा साहू, कनिष्ठ अभियंता रोहित लोहचब भी मौजूद रहे।

# शिकायत के बाद नए सिरे से बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव सिद्दीपुर से मुंडेला तक बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत का विभाग ने संज्ञान लिया है। सरपंच प्रतिनिधि सोनू वत्स की शिकायत के बाद सड़क को नए सिरे से बनाने के लिए उखाड़ा गया है। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में सहन नहीं होगा। क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता जांची जाएगी और कमी मिलने पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने नारियल फोड़ने वाले नेताओं से भी गुणवत्ता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सतबीर, जयभगवान, प्रेम सिंह, बलवान, आनंद, जगदीश नंबरदार, बलजीत, राजत, बबलू, संदीप, धर्मबीर, रणधीर, पप्पू, श्याम, सुधीर, जतिन व दीपक आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। गांव सिद्दीपुर में उखाड़ी गई सड़क दिखाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

# एक करोड़ में बनेगी आसौदा से लुहारहेड़ी सड़क

- विधायक राजेश जून ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को 1 करोड़ 6 लाख रुपए की धनराशि से आसौदा से लुहारहेड़ी गांव तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम वासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया तथा नई सड़क बनवाने पर आभार जताया। आसौदा से लुहारहेड़ी तक बनने वाली 5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का विधायक राजेश जून ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क के बनने से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। वे विधायक बनने के बाद से लगातार टूटी सड़कों को बनवा रहे हैं। क्योंकि हलके की जनता पिछले कई सालों से टूटी हुई सड़कों से बहुत परेशान थी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर बहादुरगढ़ हलके की टूटी हुई सभी सड़कों को नए सिरे से बनवाने की मांग की थी। राजेश जून ने संबंधित ठेकेदार से निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

# इनेलो बीसी सैल की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो के बीसी प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी भी गठित की गई है। बीसी सैल के जिलाध्यक्ष महेंद्र सैन ढाकला ने जयभगवान जोगी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। कंवल सिंह यादव को प्रधान महासचिव बनाया गया है।

जयकंवार छिकारा, रिछपाल कश्यप, सूरजभान प्रजापत डीघल, राजबीर जांगड़ा तुंबाहेड़ी, ओमप्रकाश जोगी रईया, सतपाल सैन मुबारकपुर, प्रभाती जांगड़ा खुड्डन, लालाराम कुंदरावली, जयकिशन जोगी कासनी, सुखबीर स्वामी ढराना को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। महासचिव की जिम्मेवारी धर्मबीर जांगड़ा, सुरेश कुमार सैन मुनीमपुर, कृष्ण पांचाल हसनपुर, महावीर जांगड़ा बाबेपुर, कृष्ण कश्यप कुकडोला को सौंपी गई है। इसी प्रकार संगठन सचिव जयविरेंद्र प्रजापत को बनाया गया है। वहीं अनिल रोहिल्ला, सुरेश जैतपुर, महेश जांगड़ा बाढ़सा, प्रदीप जांगड़ा धनीवास, मांगेराम प्रजापत मातनहेल, कर्ण सिंह प्रजापत भदानी, राजेश सैन खापड़वास को सचिव नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष मयंक सैन को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में नरेश प्रजापत झज्जर, राजेश सैन तलाव, कृष्ण मनियार, दलेल सैन ढाकला, कैलाश सैन अहरी को सदस्य में रूप में शामिल किया गया है। बीसी सैल में सुभाष सैनी को हलकाध्यक्ष बहादुरगढ़, राजू प्रजापत को हलका बहादुरगढ़ शहरी अध्यक्ष, सोनू सैन नंगला को बादली हलका अध्यक्ष, बिजेंद्र प्रजापत दूबलधन को बेरी हलका अध्यक्ष व प्रहलाद सैनी को बेरी हलका शहरी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



बहादुरगढ़। इनेलो बीसी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### अवैध हथियार व चार कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना सदर क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि सद्दाम निवासी मक्शी जिला शाजापुर मध्य प्रदेश दुलीना चौकी के क्षेत्र में हथियार लिए हुए खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को शक की बिनाह पर पकड़ते गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



झज्जर। आनंद दास आश्रम में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार।

# संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं..भजन पर भाव विभोर श्रद्धालु

**झज्जर।** शहर के कोसली मार्ग स्थित आनंद दास आश्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजनीश हरित, नरेंद्र वर्मा, उमा शंकर वर्मा सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुरवाणी से भजनों की प्रस्तुति दी। महंत अजय दास महाराज ने कहा कि योग मानव जीवन को स्वस्थ और निरोगी बनाता है। इसके रोजाना अभ्यास से न केवल शरीर तंदुरस्त रहता है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति मिलती है। योग भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अंग है। संत-महात्माओं और ऋषि-मुनियों द्वारा भी योग साधना की सीख दी गई है। योग हमारी अंतर आत्मा को मजबूत करता है और बाहरी शरीर को मजबूत बनाता है। भजन संध्या कार्यक्रम में उमा शंकर वर्मा ने आना पवन कुमार हमारे हरी कीर्तन में, आना अंजनी के लाल हमारे हरी कीर्तन में.., रजनीश हरित ने दुनिया रचने वाले को भगवान कहते हैं और संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं.., नरेंद्र वर्मा ने राम से बड़ा राम का नाम, अंत में यही आएगा तेरे काम... आदि मधुर भजनों की प्रस्तुति देते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर अमित कुमार, राजेंद्र, कालू, दयानंद, हर्ष डोगरा, ईश्वर सिंघल, चेतराम, महावीर सैनी, सतबीर, विक्की, योगेश, समुंद्र, हिमांशु सोलंकी, अंकित, अनिल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# गाड़ियों से तेल चोरी करने मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

- एक दिन को रिमांड पर और चार आरोपियों को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सीआईए की एक टीम द्वारा गाड़ी से तेल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि रणबीर सिंह निवासी दादरी तोए की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अकबर खां निवासी झोकर मध्य प्रदेश, माखन निवासी जवासीया मध्य प्रदेश, सद्दाम निवासी कड़ोदिया मध्य प्रदेश, लाला निवासी बछौडा मध्य प्रदेश और शाहरुख निवासी धीरन पलवल के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी सद्दाम को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग किया जाने वाला ट्रक, 18 प्लास्टिक कैन, तीन प्लास्टिक पाइप और एक लोहे का फूल बरामद किया गया है। जबकि अन्य चारों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

# सेक्टर-6 के पार्क में पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-6 के पार्क नंबर-14 में पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधे लगाए और स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं। रेजिडेंट्स ने नालों की सफाई, पार्क के सौंदर्यकरण, ओपन जिम की मशीनों को ठीक करवाने, पार्क में पर्याप्त रोशनी व सिंचाई की व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की। भाजपा सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी ने कहा कि जल्द ही पार्क का स्वरूप सुधारा जाएगा। इस अवसर पर किशन वर्मा, मास्टर राजपाल, करण सिंह दलाल, डॉ रणबीर दहिया, मास्टर रतन लोहचब, रतन सिंह गर्ग, संजय भारद्वाज, राजेश मान, रणबीर राठी, हरपाल शौकीन, कृष्ण गुप्ता व रामफल नैन आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पार्क में पौधे लगाते पार्षद व स्थानीय निवासी। फोटो: हरिभूमि

## ऐसे कार्यक्रमों से विभाग-व्यापारियों के बीच विश्वास होगा मजबूतः प्रवीण

# कोबी कार्यालय में हुआ ट्रेड आउटरीच कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के गणपति धाम स्थित कार्यालय में सीजीएसटी के प्रधान आयुक्त के निर्देशानुसार ट्रेड आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त सत्यपाल मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सुपरिंटेंडेंट अमरजीत गोयल, जितेंद्र, अनिल सांखला, इंस्पेक्टर आशीष मौजूद रहे।

कोबी उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ट, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, नवल गर्ग, दीपक शर्मा, रुद्र गर्ग, बिमल बतरा, उमेश कुमार, गौरव गर्ग, दिनेश पांडे, यशवीर नारा, तिवारी, सीए पीयूष सिंघल, एडवोकेट पंकज वशिष्ठ, सीए सपना, पंकज गर्ग, अमित भारद्वाज व सीए अखिल मित्तल आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। करदाताओं ने इस मौके पर जीएसटी पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं, नोटिस से संबंधित अस्पष्टताओं और प्रक्रिया को सरल बनाने से जुड़े मुद्दों को सांझा किया। साथ ही सेंट्रल जीएसटी विभाग की कार्यशैली की भी सराहना की। सत्यपाल मलिक ने आश्वासन दिया कि उनके अख्तियार की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर निपटाई जा रही हैं। रिफंड के मामले औपचारिकताएं पूरी होते निपटा दिए जाते हैं। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने कहा कि ऐसे संवादात्मक कार्यक्रमों से विभाग और व्यापारियों के बीच विश्वास व सहयोग की भावना मजबूत होती है।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उद्यमियों को जानकारी देते सत्यपाल मलिक। फोटो: हरिभूमि

### सेक्टर-13 में टहल रही महिला से चेन झपटी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-13 में टहल रही एक महिला के साथ वारदात हो गई। बाइक सवार दो बदमाश उसके गले से सोने की चेन झपट कर ले गए। वारदात देव नगर की निवासी कांता देवी के साथ हुई है। कांता देवी का कहना है कि वीरवार की शाम को वह सेक्टर-13 में टहलने गई थी। शाम करीब साढ़े छह बजे जब सर्विस रोड पर टहल रही थी तो पीछे से बाइक सवार दो युवक आए। उन्होंने मेरे गले से 23 ग्राम की सोने की चेन झपट ली। एकाएक हुई इस वारदात से वह सहम गई। जब तक कुछ समझ में आता देर हो चुकी थी। आरोपी झज्जर रोड की तरफ भाग गए। महिला ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठे हुए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कांता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास कैमरे चेक करेगी।


**सूचना**

मैं, सत्यनारायण पुत्र इंद्रजीत सिंह निवासी मकान नंबर-778, वार्ड नंबर-8, लाइनपार, शास्त्री नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित और पुत्रवधु वर्षा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए उन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मोहित व उसकी पत्नी वर्षा अपने हर कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, सतपाल सिंह पुत्र श्री रणबीर निवासी गांव सराये औरंगाबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री गीता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इससे अपना संबंध विच्छेद करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

(नोटिस आम जनता)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुड्डी (पत्नी), परवीन, जोगिन्द्र (पुत्रयान), रितु, प्रमिला (पुत्रीयान) नफे सिंह निवासी नजदीक शिव मंदिर जटवाड़ा कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन Online NDC Portal पर Property ID No. 3B2WFKW3 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा नजदीक शिव मंदिर जोकि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 73.33 से 64.8 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185975881 द्वारा अप्लाई किया है। अत: आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर 3B2WFKW3 वार्ड नंबर 16 जटवाड़ा कॉलोनी, नजदीक शिव मंदिर पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3B2WFKW3(64.8) वर्ग गज प्रार्थी गुड्डी (पत्नी), परवीन, जोगिन्द्र (पुत्रयान), रितु, प्रमिला (पुत्रीयान) नफे सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहादुरगढ़

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमलता (पुत्री), देविका (पुत्री), सुषमा (पुत्री), शशी (पुत्रवधु), पूजा (पौत्री), अंशु (पौत्री) हीना सोनी (पौत्री), काजल (पौत्री), सुमित गौतम (ध्यौता) व अंकित गौतम (ध्यौता) निवासी सदर बाजार, दिल्ली द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No New ID Ward No. 17/601 कॉलोनी जटिया मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 42.22 से 33 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0181115998529 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नम्बर New ID वार्ड नंबर-17/601 कॉलोनी जटिया मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति New ID 33 वर्ग गज प्रार्थी प्रेमलता (पुत्री), देविका (पुत्री), सुषमा (पुत्री), शशी (पुत्रवधु), पूजा (पौत्री), अंशु (पौत्री) हीना सोनी (पौत्री), काजल (पौत्री), सुमित गौतम (ध्यौता) व अंकित गौतम (ध्यौता) के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%

21 JUNE TO 27 JUNE

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF
*T & C APPLY

BAHADURGARH
JHAJJAR
DIGHAL

## WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।

- HURRICANE ENERGY DRINK — FREE — BUY 1 GET 2
- FIR DIET SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- CLEAR WATER — FREE — BUY 1 GET 2
- BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER — FREE — BUY 1 GET 2
- FRESCA — FREE — BUY 1 GET 3
- TENDER COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 2
- STORIA COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 1
- Vadilal — UPTO 56 % OFF ON MRP
- REAL COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 1
- HAMDARD ROOHAFZA — MRP ₹180 — @ JUST 155
- RED BULL *24 PCS — MRP ₹125 — @ JUST 90
- YUVAUD SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- FRESCA CLUB SODA — FREE — BUY 1 GET 1
- DEL MONTE MIX FRUIT DRINK — FREE — BUY 1 GET 1
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA — @ JUST 79
- PATANJALI SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- Arshirvaad atta 10kg — ₹495 — OUR PRICE ₹439
- SAFE HARVEST ATTA 5 KG — 50% OFF ON MRP
- TATA TEA PREMIUM 1KG — ₹580 — OUR PRICE ₹365
- DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG — ₹600 — OUR PRICE ₹399
- INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG — ₹585 — OUR PRICE ₹428
- HALDIRAM'S ALL RANGE — 12.5% OFF ON MRP
- ORION Choco Pie — BUY 1 GET 1 FREE
- CATCH DRINK 1.25L — BUY 1 GET 1 FREE
- NILON'S PICKLE 1KG — 50% OFF ON MRP
- TOPS PICKLE 1KG SELECTED VARIANTS — 50% OFF ON MRP
- SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
- CATCH SPICES — 25% OFF ON MRP
- LOOSE PASTA MACARONI 1 KG — OUR PRICE ₹60
- PRO NATURE — 20% OFF ON MRP
- Del Monte Dates 500 gram — BUY 1 GET 1 FREE
- PRAAKRITIK ALL PRODUCTS — 20% OFF ON MRP

### WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- CHANA DAAL 1KG — OUR PRICE ₹76
- MOONG DHULI 1KG — OUR PRICE ₹109
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹76
- MALKA LAL DAAL 1KG — OUR PRICE ₹85
- BADAM 1KG — OUR PRICE ₹885
- KISMISH 1KG — OUR PRICE ₹350
- PATANJALI SALT IODISED SALT — BUY 1 GET 1 FREE
- VRINDAWAN MAKHANA — ₹400 — OUR PRICE ₹325
- TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS GHEE 1 LTR — FREE! — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA 500 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- BAIL KOLHU 1LTR — MRP ₹189 — OUR PRICE ₹159
- FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR — MRP ₹190 — OUR PRICE ₹159
- MILK FOOD GHEE 1 LTR — MRP ₹580 — OUR PRICE ₹495
- AMUL PURE GHEE 1 LTR — MRP ₹650 — OUR PRICE ₹575
- Ariel Complete Detergent 4KG — BUY1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG — ₹1049
- SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG — ₹1099
- Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L — 25% OFF
- TIDE JASMINE & ROSE 9 kg — ₹749
- WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER — BUY1 GET 2 FREE
- TRISHUL PHENYLE 5 LTR — 50% OFF
- surf excel easy wash 7 kg — MRP ₹1030 — ₹685
- ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR — OUR PRICE ₹650
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD — MRP ₹1425 — ₹230 OFF
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD — MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- HELIOS PRODUCTS SHOE CARE — 20% OFF
- GALA SELECTED — 20% OFF
- SOFTSENS BABY PRODUCTS — UPTO 50% OFF

**Bahadurgarh Address:** Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Jhajjar Address:** Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Dighal Address:** Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA,SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

FOLLOW US ON : elenta_mart | elenta mart